जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 27.12.2013

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
**(सं. 2013/504)**

**<u>भगत की कोठी–एर्नाकुलम–भगत की कोठी (01 ट्रिप) एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन वाया जयपुर, कोटा, वडोदरा, मडगांव, मंग्लौर एवं त्रिरूर चलेगी</u>**

रेलवे प्रशासन द्वारा नववर्ष के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु भगत की कोठी (जोधपुर)–एर्नाकुलम–भगत की कोठी (जोधपुर) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन भगत की कोठी (जोधपुर) से 30 दिसम्बर तथा एर्नाकुलम से 02 जनवरी को किया जा रहा हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 04823, भगत की कोठी–एर्नाकुलम स्पेशल रेल सेवा **<u>दिनांक 30.12.13 सोमवार को</u>** भगत की कोठी से 00.05 बजे रवाना होकर प्रातः 06.20 बजे जयपुर होते हुये बुधवार को 06.45 बजे एर्नाकुलम पहॅुचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04824, एर्नाकुलम–भगत की कोठी स्पेशल रेल **<u>सेवा दिनांक 02.01.14 गुरूवार को</u>** एर्नाकुलम से 00.30 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 22.55 बजे जयपुर होते हुये शनिवार को 05.20 बजे भगत की कोठी पहॅुचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, कनकपुरा, जयपुर, दुर्गापुरा, वनस्थली निवाई, सवाई माधोपुर, कोटा, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोदरा, वडोदरा, सूरत, वापी, वसई रोड़, पनवेल, रोहा, चिपलून, रत्नागिरी, कंकावली, कुदल, थिवीम, मडगांव, कारवार, कूमता, भटकल, कुंदापुर, ऊडूपी, मंग्लौर, कसारागोड, कनहानगढ, पाय्यानुर, कन्नूर, थलअसरे, वडाकारा, कोझीकोड़, त्रिरूर, कुट्टीपूरम, सोरानूर, थरीसूर एवं अलूवा स्टेशनों पर ठहराव करेंगी।

इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 13 द्वितीय शयनयान श्रेणी एवं 04 द्वितीय साधारण श्रेणी के डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होंगे।

**जन सम्पर्क अधिकरी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**